आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 06.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– सरकार अगले पांच वर्षों में लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों में बहुद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी– पैक्स की स्थापना करेगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ किया, कहा– सरकार प्रदेशवासियों को शुद्ध और बेहतर पोषणयुक्त राशन देने के लिए संकल्पबद्ध है।
- संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से शुरू होगा।
- सरकार ने राज्य में आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जिला व तहसील प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।
- प्रदेश में रुक–रुककर हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ, अगले 36 घंटे के लिए राज्य में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश के आसार।

गृहमंत्री अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों में बहुद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी– पैक्स की स्थापना करेगी। इन पैक्स की स्थापना उन ग्राम पंचायतों में की जाएगी जो अभी तक सहकारिता क्षेत्र से बाहर है। श्री शाह ने 102वे अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर गांधी नगर के महात्मा मंदिर में आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के दौरान ये घोषणा की।

'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेशवासियों को शुद्ध और बेहतर पोषणयुक्त राशन देने के लिए संकल्पबद्ध है। इस योजना के तहत सरकार अंत्योदय और प्राथमिक परिवार योजना के लगभग 14 लाख राशन कार्ड धारकों को प्रति माह 8 रूपये प्रति किलो की दर से आयोडाईज्ड नमक उपलब्ध करवाएगी। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत देश में निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। यह योजना अगले 5 सालों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलती रहेगी। इस योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड के 14 लाख गरीब परिवारों को हर महीने मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के हर गरीब और समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति का जीवन बेहतर और सार्थक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि शहर से लेकर गांवों तक सभी को बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा मिले।

संचार मंत्रालय

संचार मंत्रालय ने देश में हाल ही में मोबाइल सेवा शुल्क में वृद्धि के बारे में कहा है कि मोबाइल सेवा बाजार मांग और आपूर्ति के माध्यम से संचालित होता है। हाल ही में, तीन निजी कंपनियों और एक सार्वजनिक मोबाइल कंपनी ने सेवा शुल्क में वृद्धि की है। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ग्राहकों के हितों की रक्षा करने, नवीनतम प्रौद्योगिकियों में निवेश के साथ व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने और वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार की नीतियों और नियामक ढांचे के परिणामस्वरूप भारत में मोबाइल ग्राहकों के लिए लागत सबसे कम है।

नीट यू जी

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट यू जी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है। मंत्रालय ने कहा है कि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

बजट सत्र

संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र 12 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2024–25 लोकसभा में 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव की केन्द्र सरकार की सिफारिश का अनुमोदन कर दिया है।

जमरानी बांध

उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल जमरानी बांध बहुद्देश्यीय परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सिंचाई विभाग के सचिव डॉ आर. राजेश कुमार ने आज हल्द्वानी में बांध स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना के उपमहाप्रबन्धक बी०बी० पाण्डे ने बताया कि जमरानी बांध परियोजना के अन्तर्गत एक सौ पचास दशमलव छ मीटर ऊंचाई के कंक्रीट ग्रेविटी बांध का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। परियोजना से नैनीताल को वार्षिक 42 दशमलव सात शून्य एम०सी०एम० पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अलावा नैनीताल व उधमसिंहनगर तथा उत्तर प्रदेश राज्य के बरेली व रामपुर के सत्तावन हजार छियासठ हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

सीएम आपदा बैठक

सरकार ने राज्य में आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए जिला व तहसील प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आज देहरादून में गढ़वाल और कुमाऊं आयुक्त के साथ बैठक की। इस बैठक में कुमाऊं आयुक्त वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में श्री धामी ने जलभराव की स्थिति में आपदा प्रभावितों के रहने और खाने–पीने की समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया। उन्होंने तहसील स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष से लगातार संपर्क बनाते हुए सड़कों के बंद होने की स्थिति में उन्हें तत्काल खोलने की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही श्री धामी ने मौसम विभाग की चेतावनी और स्थानीय मौसम संबंधी गतिविधियों के आधार पर ही स्कूलों को खोलने व बंद करने का निर्णय लेने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उधर, देहरादून की जिलाधिकारी सोनिका ने बारिश के चलते नदी में बढ रहे बहाव और चैनलाईजेशन कार्यों को लेकर अधिकारियों को निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सौंग नदी पर अवस्थित पुल का सुरक्षात्मक कार्य औरं नदी के बहाव के लिए चैनलाईजेशन कार्यो का अवलोकन भी किया।

मौसम

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते पहाड़ों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मूसलाधार बारिश से पर्वतीय अंचल में राष्ट्रीय राजमार्ग और संपर्क मार्ग लगातार अवरूद्ध हो रहे हैं। अवरूद्ध मार्गों को खोलने का प्रयास जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के कुछ जिलों में आज और कल भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि अगले 36 घंटे के लिए कुमाऊं मंडल और गढ़वाल मंडल के पौड़ी व चमोली जिले में भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कुछ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। भारी बारिश की संभावना को देखते हुए श्री सिंह ने प्रदेशवासियों और तीर्थयात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर ठहरने का आग्रह किया है।

दुर्घटना

चमोली जिले के कर्णप्रयाग में भूस्खलन की चपेट में आने से दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी है। चमोली से हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्णप्रयाग के चटवापीपल के पास एक दोपहिया वाहन सवार दो तीर्थयात्रियों पर पहाड़ी से बोल्डर गिरने से उनकी मृत्यु हुई है। पुलिस के अनुसार वाहन सवार बदरीनाथ से दर्शन करने के बाद ऋषिकेश लौट रहे थे। दोनों मृतक हैदराबाद के रहने वाले थे।

बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव

हरिद्वार की मंगलौर और चमोली जिले की बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान आगामी 10 जुलाई और मतगणना 13 जुलाई को होगी। इसके लिए प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। इसी के तहत आज चमोली जिले के गोपेश्वर स्थित पीजी कॉलेज में मतगणना के लिए नियुक्त 92 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि ईवीएम की मतगणना के लिए 14 और पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 7 टेबल लगाई जाएंगी।

वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 36 वीरता पुरस्कार प्रदान किए। नई दिल्ली में कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह चरण–एक में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें दस कीर्ति चक्र और 26 शौर्य चक्र शामिल हैं। सात–सात कर्मियों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने सैफुल्ला कादरी को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के पैरा कमांडो मेजर दिग्विजय सिंह रावत को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया। साथ ही ग्रेनेडियर्स 55वीं बटालियन के मेजर सचिन नेगी और आर्म्ड कौर 44 वीं बटालियन के मेजर रविंद्र सिंह रावत को शौर्य चक्र से सम्मानित किया।